ल.अं./49/एस.एल.बी.सी./ 100 19.04.2023

**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र**

महोदय/ महोदया,

**विषय :- राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसम्बर 2022 त्रैमासांत की समीक्षा बैठक दिनांक 28.03.2023 का कार्यवृत्त**

कृपया दिनांक 28.03.2023 को सम्पन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0प्र0) की दिसम्बर 2022 त्रैमासांत की समीक्षा बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

**भवदीय,**

**(संजय कुमार वर्मा)**
**उप महाप्रबन्धक**
**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.)**

**संलग्न :-** उपरोक्तानुसार

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसम्बर 2022 तिमाही की दिनांक 28.03.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) की दिसम्बर 2022 तिमाही की समीक्षा बैठक दिनांक 28.03.2022 को क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ, डॉ0 बालू केनचप्पा की गरिमामयी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक मे, श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त एवं सर्वहित बीमा निदेशालय, उ0 प्र0 (VC के माध्यम से ); श्री संजय कुमार डोरा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ, श्री ब्रजेश कुमार सिंह, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति(उ0प्र0), श्री संजय कुमार वर्मा, उप महाप्रबन्धक,राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति(उ0प्र0) सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा सहभागिता की गयी। बैठक में भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ मे **श्री ब्रजेश कुमार सिंह, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उ0प्र0** ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए समस्त बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग व कार्यों की सराहना की। उन्होंने प्रदेश में की जा रही बैंकिंग गतिविधियों के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की अद्यतन प्रगति से सभा को अवगत कराया।

गत बैठक दिनांक 23.11.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि के उपरांत, उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण मानकों पर प्रदेश की स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्नवत प्रस्तुत किया:-

- प्रदेश में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के अंतर्गत मार्च 2021 में क्रमशः 2.87 करोड़, 0.75 करोड़ एवं 0.44 करोड़ नामांकन किये गये जो दिसम्बर 2022 में बढ़कर क्रमशः 4.38 करोड़, 1.46 करोड़ एवं 0.78 करोड़ नामांकन हो गये है। हमारे लिए ये गर्व का विषय है कि 31.12.2022 तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत 4.38 करोड़ नामांकन के साथ हमारा प्रदेश पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर है।

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1.46 करोड़ नामांकन के साथ हमारा प्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर है। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत हमारे प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु "AWARD OF PAR EXCELLANCE" प्राप्त हुआ है।
- सम्भावनाशील जनपदों में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम से इन जनपदों में बैंकिंग सुविधाओं का प्रसार तीव्र गति से होरहा है। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पी.एम.एस.बी.वाई. (PMSBY), पी.एम.जे.जे.बी.वाई. (PMJJBY) एवं ए.पी.वाई (APY) के अंतर्गत मार्च 2021 के स्तर क्रमशः 21.13 लाख, 6.09 लाख एवं 3.53 लाख नामांकन से दिसम्बर 2022 में बढ़कर 33.49 लाख, 12.46 लाख एवं 6.47 लाख नामांकन के साथ 58.49%, 104.59% एवं 83.28% की वृद्धि दर्ज की गयी है।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA कार्यालय प्रशासन Zonal Office Administration (Lucknow Zone), Lucknow अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल), लखनऊ



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, ''बड़ौदा हाउस'', वी–23, विभूति खण्ड, गौमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

- इसी प्रकार इन जनपदों में मार्च 2021 में कुल 12.62 लाख खाते खोले गये जो दिसम्बर 2022 में बढ़कर 15.60 लाख हो गयी है। प्रति लाख जनसंख्या आबादी के आधार पर इन जनपदों मे मार्च 2021 में औसतन 7,536 खाते खोले गये जो दिसम्बर 2022 में बढ़कर 9,311 खातें (23.55%) हो गये है।
- 4. दिसम्बर 2022 में प्रदेश में कुल 8.56 करोड़ जन धन खातों में से 7.97 करोड़ (93.10%) खाते सक्रिय खाते है। प्रदेश के -54- जनपदों में सक्रिय खातों की संख्या 90% से अधिक है।
- दिसम्बर 2022 तक प्रदेश में बैंकों का कुल व्यवसाय रू 22 लाख 59 हज़ार करोड़ रहा है जिसमें से जमा राशि रू. 14.62 लाख करोड़ व अग्रिम रू 7.97 लाख करोड़ है जो दिसम्बर 2021 की तुलना में क्रमशः 9.29 % व 13.51% अधिक है।

- चालू वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक ऋण योजनांतर्गत आवंटित लक्ष्य रू 2,94,987 करोड़ के सापेक्ष रू 2,20,497 करोड़ का ऋण वितरण करते हुए दिसम्बर 2022 तिमाही तक 74.75% की उपलब्धि हासिल की गयी है, यहाँ में उल्लेखित करना चाहूँगा कि चालू वित्तीय वर्ष की दिसम्बर तिमाही तक रू 2,20,497 करोड़ का ऋण वितरण वार्षिक ऋण योजनांतर्गत अब तक का सर्वाधिक ऋण वितरण है। हमारे प्रदेश में MSME Sector के अन्तर्गत कुल आवंटित लक्ष्य रू. 78,360 करोड़ के सापेक्ष रू 1,11,448 करोड़ का ऋण वितरण करते हुए दिसम्बर 2022 तिमाही तक 142.22% की उपलब्धि हासिल की गयी है। साथ ही कृषि क्षेत्र के अंतर्गत कुल आवंटित लक्ष्य रू. 1,88,574 के सापेक्ष रू 1,01,880 करोड़ का ऋण वितरण किया गया है जो 54.03% की उपलब्धि दर्शाता है।

- PMSVANidhi योजनान्तर्गत हमारे प्रदेश को आवंटित लक्ष्य (8.30 लाख आवेदन पत्र) को पूर्व में ही प्राप्त किया जा चुका है। अद्यतन स्थिति के अनुसार योजनांतर्गत 9.04 लाख खाते प्रथम चरण में, 1.78 लाख खाते द्वितीय चरण में तथा 2 हज़ार खाते तृतीय चरण में वितरण किये जा चुके है| साथ ही साथ ऋण स्वीकृति व वितरण के सन्दर्भ में हमारा प्रदेश PAN INDIA प्रथम स्थान पर है।

- वित्तीय वर्ष 2022- 23 के दौरान समस्त हितधारकों के समंवयित प्रयासों से सरकार प्रायोजित विभिन्न रोज़गारपरक योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना आदि में शत प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल किया गया है ।

- वर्तमान में प्रदेश में 1,87,747 बैंकिंग केन्द्रों का विशाल नेटवर्क आम जन तक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर रहा है जिसमें 19,404 बैंक शाखाएं, 19,415 ए.टी.एम. एवं 1,48,928 बैंक मित्र (35266बी सी सखी) शामिल हैं। वित्तीय समावेशन के अन्तर्गत तय किये गए मानक जिनमे प्रदेश के समस्त केन्द्रों को -5- km की परिधि के अन्दर CBS enabled बैंकिंग outlet से बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया जा चुका है ।

- हमें प्रदेश सरकार द्वारा RC Filed cases में Recovery हेतु निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहता है। एक बार पुन: मैं प्रदेश सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि सरफेसी के अंतर्गत लम्बित मामलों में वसूली हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

- प्रदेश में 10-12 फरवरी तक Global Investors Summit 2023 का आयोजन किया गया, इसके द्वारा उत्तर प्रदेश को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं| हम आशा करते है कि इस Summit के द्वारा प्रदेश के विकास को एक नयी गति मिलेगी|

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA कार्यालय प्रशासन Zonal Office Administration (Lucknow Zone), Lucknow अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल), लखनऊ



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गौमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

- दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही में प्रदेश का ऋण जमा अनुपात 54.50% रहा है जो तिमाही मार्च 2022 के स्तर 52.38% से 2.12% अधिक है|

- प्रदेश में बैकों के कुल अग्रिम के सापेक्ष प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में रू 4.55 लाख करोड़ (57.07%), MSME क्षेत्र में रू 1.59 लाख करोड़ (19.91%) व कमज़ोर वर्ग में रू. 1.54 लाख करोड़ (19.39%) अग्रिम रहा है जो RBI के निर्धारित मानक क्रमशः 40%, 20% व 12% से अधिक है।

**डॉ0 बालू केनचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ** ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार, समस्त बैंको व अन्य वित्त संस्थानों के अधिकारीगणों का अभिवादन करते हुए प्रदेश में बैंकिग विस्तार हेतु किये गए कार्य की सराहना की| डॉ0 केनचप्पा ने निम्न मुद्दों की ओर समस्त सभाजनों का ध्यानाकर्षण किया:

- प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित Global Investors Summit 2023 के माध्यम से प्रदेश में ₹32 लाख करोड़ से अधिक का निवेश सम्भावित है, सभी बैंकों को इसका पूर्ण लाभ लेते हुएअधिकतम ऋण प्रवाह के साथ C:D ratio में सुधार करने के प्रयास करने की आवश्यकता है।
- विगत कुछ तिमाही में incremental ऋण जमानुपात में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है, परिणामस्वरूप प्रदेश के C:D ratio में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।
- C:D ratio पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में -13- जनपदों का C:D ratio 40% से कम होने पर चिंता व्यक्त की तथा समस्त बैंकों से आग्रह किया कि इन जनपदों में विशेष ऋण प्रवाह कार्यक्रम आयोजित करते हुए इन जनपदों के ऋण जमानुपात में यथाशीघ्र सुधार किया जाएं।
- बैठक में प्राइवेट बैंकों के प्रतिनिधियो की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि भविष्य में प्राइवेट बैंकों के प्रतिनिधि नियमित रूप से बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही: समस्त सम्बन्धित बैंक)**

- Inactive BCs पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा की सभी बैंक अपने inactive BCs को active करें, उन्होंने वित्तीय समावेशन हेतु BC eco sysytem के मजबूत होने पर बल दिया ।

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

- PMJDY खातो में overdraft facility के कम लिंकेज और चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसमें तत्काल सुधार हेतु सभी बैंकों से कहा ।
- बैंकिंग क्षेत्र में Digitization के महत्त्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि -8- aspirational districts में ज़ल्द से ज़ल्द digitization का कार्य पूरा किया जाये, तथा इसकी निगरानी सम्बंधित उप समिति के द्वारा की जाये।
- सभी बैंक अपने ऐसे customer जिनका turnover ₹ 500 करोड़ से अधिक है उनको TReDs platform पर आने हेतु प्रेरित करे ।
- RSETIs से सम्बंधित भू-आवंटन के सभी मामलो का त्वरित निस्तारण किया जाये ।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA अंचल कार्यालय प्रशासन Zonal Office Administration (Lucknow Zone) लखनऊ



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

उन्होने कहा कि बैंकिंग व्यवसाय की नींव बैंक व ग्राहक के परस्पर विश्वास पर आधारित होती है अतः बैंको द्वारा अपने ग्राहको को गुणवत्तापरक सेवा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए एवं उनकी शिकायतों का उपयुक्त व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करना चाहिए|

**श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त एवं सर्वहित बीमा निदेशालय, लखनऊ** ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिकारियों का अभिवादन किया| उन्होंने Global Investors Summit 2023 में बैंको द्वारा दिए गए सहयोग हेतु SLBC तथा सभी बैंको को बधाई दी, उन्होंने सभा को अवगत कराया कि समस्त बैंको के प्रयासों से प्रदेश के इतिहास में चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर तिमाही तक Annual Credit Plan के अंतर्गत 75% लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है ।
उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने देश में -500- Aspirational Block की घोषणा की थी, जिनमे से -100- Block उत्तर प्रदेश में है इन Blocks में प्रत्येक शुक्रवार तथा शनिवार को क्रेडिट कैम्पस लगाये जाये ।
सभा को अवगत कराते हुए आप ने बताया कि माननीय मुख्य सचिव महोदय ने -13- जिलो में, जिनका C:D ratio 40% से कम है, उनमे विशेष शिविर लगाने को कहा है इसी क्रम में 15 अप्रैल 2023 को मऊ जिले में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि KCC के अंतर्गत Animal Husbandry, तथा Fisheries में क्रेडिट कम है जिसमे सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में कार्यरत बैंको द्वारा ऋण प्रवाह बढाने हेतु किये जा रहे विभिन्न प्रयासों विशेषकर क्रेडिट आउटरीच कैम्पों के माध्यम से ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु बैंकों की प्रशंसा की।
उन्होंने अवगत कराया कि बैंकों में NPA की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार के द्वारा सभी जिलो के जिलाधिकारियो को बैंकों के साथ समन्वय हेतु निर्देशित किया गया है|

**श्री एस. के. डोरा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ** ने अपने संबोधन में समस्त सहभागियों का अभिवादन करते हुए प्रदेश में गत कुछ वर्षों में बैंकों द्वारा ऋण प्रवाह हेतु किये गए कार्य की सराहना की तथा निम्न मुद्दों की और समस्त सभाजनों का ध्यानाकर्षण किया:-

- उन्होने अपने सम्बोधन मे उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने हेतु प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु सभी बैंकर्स को पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु आहवाहन किया|
- ACP में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए आप ACP के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में acheivement बढ़ाने हेतु सभी बैंकों से बल देने को कहा |
- आप ने कहा कि सरकार के द्वारा प्रदेश में आधारभूत ढाचे में सुधार हेतु व्यापक कार्य किया जा रहा है, अतः सभी बैंकों को इसका लाभ लेते हुए long term lending बढ़ाने हेतु प्रयास करने चाहिये ।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA अंचल कार्यालय लखनऊ Zonal Office (Lucknow Zone) Lucknow कार्यालय प्रशासन Office Administration



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गौमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

- पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम C:D ratio पर चिंता व्यक्त करते हुए आप ने इस में सुधार हेतु किसान गोष्ठी, स्पेशल camps इत्यादि लगाने को कहा ।
- उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि Green Financing को बढ़ावा दिया जाये जिसके अन्तर्गत organic farming, solar energy pump sets, wind mills, bio gas plants आदि में फाइनैन्सिंग बढ़ाने की ज़रुरत है।

बैठक के अंत में श्री आनंद बिक्रम, महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, के द्वारा बैठक मे पधारे प्रदेश शासन के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों तथा बैंको से पधारे स्टेट प्रमुख व अन्य समस्त सहभागियों का विशेष आभार व्यक्त किया तथा उनके अमूल्य मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद दिया ।

************



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, ''बड़ौदा हाउस'', वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com